# किसानों को 4 गुना मुआवजा देने का निर्णय ऐतिहासिक : डॉ मोहन

## सीएम ने मीडिया से कहा- अब बड़ी परियोजनाओं को गति मिलेगी और किसान भी होंगे लाभांवित



भोपाल, 22 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने किसानों को कृषि भूमि के अधिग्रहण पर मुआवजा बाजार दर से चार गुना देने के आज के फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इससे बड़ी परियोजनाओं को गति मिलेगी.

उन्होंने कहा कि इसके अलावा किसानों के मुआवजे संबंधी मामले संवाद के जरिए सुलझाए जा सकेंगे. डॉ यादव ने बुधवार देर शाम संवाददाताओं से चर्चा में कहा कि सरकार इस वर्ष को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रही है और यह ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व फैसला है. किसानों को ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि भूमि के अधिग्रहण के बदले बाजार दर -गाइडलाइन के अनुसार- से चार गुना मुआवजा मुहैया कराया जाएगा, जो अब तक दोगुना था. प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, भाजपा मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव विवेक पोरवाल और जनसंपर्क आयुक्त मनीष सिंह भी मौजूद थे. मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और किसानों के हित में जुड़े विभिन्न बिंदुओं को ध्यान में रखकर इस पर फैसला लिया गया है. उन्होंने दोहराया कि सरकार किसानों के हित में कार्य करने वाली है. एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यदि किसी परियोजना के तहत किसानों की भूमि अधिग्रहण करने के एवज में उन्हें पहले मुआवजा दे दिया गया है, तो भी उनके हितों को ध्यान में रखकर नए फैसले के अनुरूप कदम उठाए जाएंगे.

### गेहूं खरीदी पर भी पूरी नजर है सरकार की

डॉ यादव ने कहा कि राज्य सरकार इस बार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 78 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदने का कार्य कर रही है. केंद्र सरकार से यह कोटा बढ़वाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक से किसानों का गेहूं खरीदा जा सके. उन्होंने बताया कि इस बार गेहूं की फसल राज्य में काफी ज्यादा हुई है.

### विपक्ष का काम आरोप लगाना, हम अपना कार्य करते हैं

एक सवाल के जवाब में डॉ यादव ने कहा कि विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान नारी शक्ति वंदन अधिनियम से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी. उन्होंने कहा कि विपक्षी दल कांग्रेस के नेताओं का कार्य सिर्फ आरोप लगा देना है. हम अपना कार्य कर रहे हैं. विपक्ष ने तो यह भी कहा था कि लाड़ली बहना योजना बंद हो जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ.



# प्रदेश में कई हिस्सों में पारा 43 डिग्री पहुंचा

### 10 जिलों में लू का अलर्ट जारी

**भोपाल, 22 अप्रैल. मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी का असर लगातार बढ़ता जा रहा है. प्रदेश के कई शहरों में तापमान 40 से 43 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच गया है, जबकि रातें भी सामान्य से अधिक गर्म बनी हुई हैं.**

सबसे अधिक तापमान खजुराहो और नर्मदापुरम में दर्ज किया गया, जहां पारा 43 डिग्री तक पहुंच गया. मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार को भोपाल, इंदौर, जबलपुर और उज्जैन सहित कई बड़े शहरों में भी तेज गर्मी का असर देखा गया. दिन में सुबह से ही गर्म हवाएं चलने लगीं, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ. प्रदेश के 10 जिलों में ग्वालियर, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, रतलाम, झाबुआ, धार और अलीराजपुर में लू का अलर्ट जारी किया गया है. इन क्षेत्रों में दोपहर के समय हालात और अधिक गंभीर हो सकते हैं.

ग्वालियर, सीधी, रीवा, सतना, सागर, दमोह और नरसिंहपुर जैसे जिलों में भी तापमान 40 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया है. मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि फिलहाल राहत के कोई बड़े संकेत नहीं हैं और गर्मी का असर अगले कुछ दिनों तक बना रह सकता है. रात के समय भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही है.

### दोपहर के समय बाहर निकलने से बचें

कई शहरों में न्यूनतम तापमान 25 से 27 डिग्री के बीच दर्ज किया गया, जिसे 'वॉर्म नाइट' की स्थिति माना जाता है. पूर्वी मध्यप्रदेश के कुछ इलाकों में हल्के बादल जरूर छाए, लेकिन इससे तापमान में विशेष गिरावट नहीं आई. मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है. लोगों से अपील की गई है कि वे दोपहर के समय बाहर निकलने से बचें, पर्याप्त पानी पिएं, हल्के सूती कपड़े पहनें और बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें.

# महिलाओं के साथ छल कर रही भाजपा सरकार : यश

**जबलपुर, 22 अप्रैल. महिला आरक्षण बिल पर घमासान शुरू हो गया है. मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया ने महिला आरक्षण बिल को लेकर भाजपा सरकार की नीतियों पर तीखे सवाल उठाए हैं.**



पत्रकारवार्ता के दौरान यश घनघोरिया ने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं के अधिकारों के साथ छल कर रही है और उन्हें वास्तविक राजनीतिक भागीदारी से वंचित रख रही है. भाजपा की नीतियां महिला विरोधी हैं और महिला आरक्षण बिल केवल दिखावे तक सीमित है. इस दौरान उन्होंनें ये भी आरोप लगाए कि इस बिल के जरिए महिलाओं को वास्तविक अधिकार देने के बजाय इसे राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है. उन्होंने यह भी कहा कि महिला सशक्तिकरण के नाम पर सरकार सिर्फ प्रचार कर रही है, जबकि जमीनी स्तर पर महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं.

# पोल्ट्री हेचरी निर्माणकार्य के धीमी गति पर कलेक्टर नाराज

## कलेक्टर ने किया सकेती ग्राम स्थित निर्माणाधीन पोल्ट्री हेचरी का औचक निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 22 अप्रैल। विकासखंड चितरंगी क्षेत्रांतर्गत के ग्राम सकेती में सीएसआर मद से स्वीकृत 9 करोड़ राशि से जिले में पोल्ट्री उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए निर्मित होने वाली पोल्ट्री हेचरी का औचक निरीक्षण कलेक्टर गौरव बैनल द्वारा किया गया।**



निरीक्षण के दौरान मौके पर उपस्थित कार्यपालन यंत्री ईआरईएस से निर्माण कार्य के स्वीकृति के दिनांक सहित निर्माण कार्य के प्रगति की जानकारी ली गई। कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि दो वर्ष से स्वीकृत कार्य अभी तक पूर्ण नहीं किया गया है। जबकि कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह ही कॉन्ट्रैक्ट में निर्धारित की गई है। कलेक्टर ने समय सीमा में कार्य पूर्ण न होने पर निर्माण कर रहे दोनों संविदाकारों को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश देते हुए जिपं सीईओ को निर्देशित किया कि जो निर्माण कार्य किया गया है, उसकी गुणवत्ता की जांच के लिए समिति का गठन कर एक सप्ताह के भीतर जांच प्रतिवेदन लिया जाए। यदि गुणवत्ता में कमी पाए गई हो तो सम्बंधित एजेंसियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने करने के साथ ही उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जाए। कलेक्टर कहा कि यह भी सुनिश्चित करें कि कार्य जितने माह की देरी हुई है कॉन्ट्रैक्ट के प्रावधानों के अनुसार पेनल्टी लगाने की कार्यवाही किया जाए। इस पहल के माध्यम से क्षेत्रीय स्व सहायता समूह एवं अन्य पोल्ट्री फार्मों को उचित मूल्य में चूजे उपलब्ध हो सकेंगे, इसके माध्यम से जिले में पोल्ट्री उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा । निरीक्षण के दौरान जिपं सीईओ जगदीश गोमे सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# बरगवां थाना के पतेरी गांव में लाखों की चोरी

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 22 अप्रैल। जिले के बरगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पतेरी में बीती मध्यरात्रि अज्ञात चोरों ने एक बड़े चोरी की घटना को अंजाम देकर इलाके में सनसनी फैला दी।**



चोरों ने बड़ी ही सुनियोजित तरीके से घर के बाहर से दरवाजों में सिटकनी लगा दी, जिससे अंदर सो रहे परिजन बाहर न निकल सके और आराम से घर में घुसकर लाखों रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवरात पार कर दिए। जिसमें नकद करीब 70 हजार एवं लाखों कीमत के जेवरात शामिल हैं। जानकारी के अनुसार घटना के समय घर के सभी सदस्य गहरी नींद में थे। चोरों ने इस स्थिति का फायदा उठाते हुए घर के विभिन्न कमरों को बाहर से बंद कर दिया और अलमारी व बक्सों में रखे कीमती आभूषण व अन्य सामान लेकर फरार हो गए। सुबह जब परिजन जागे तो घटना की जानकारी लगी, जिसके बाद तत्काल बरगवां पुलिस को सूचना दी गई। पीड़ित नारायण प्रसाद चतुर्वेदी ने बताया कि चोरी गए जेवरात की कीमत लाखों रुपए में है।

इस घटना को गांव की अब तक की सबसे बड़ी चोरी माना जा रहा है, जिससे पूरे पतेरी गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है। सूचना मिलते ही बरगवां पुलिस मौके पर पहुंची और डॉग स्क्वॉड व फिंगरप्रिंट टीम की मदद से साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

पुलिस आसपास के क्षेत्रों में संदिग्धों की तलाश में जुटी हुई है और ग्रामीणों से भी पूछतांछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों का पता लगाकर मामले का खुलासा किया जाएगा। फिलहाल इस वारदात ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

# लूट का चंद घंटों में खुलासा, 3 गिरफ्तार

**धार.** जिले के धामनोद क्षेत्र में हुई लूट की घटना का पुलिस ने चंद घंटों में खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नगदी और दो मोटरसाइकिल बरामद की हैं. पुलिस सूत्रों के अनुसार धामनोद थाना क्षेत्र में बगवानिया और मुहाड़ रोड के बीच कल रात ग्राम उमरिया निवासी गोपाल बारिया (23) से तीन बदमाशों ने चाकू से हमला कर नगदी और बाइक लूट ली थी. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने रात्रि गश्त टीम के साथ आसपास करीब 10 किलोमीटर क्षेत्र में सर्चिंग शुरू की. थाना प्रभारी प्रवीण ठाकरे के नेतृत्व में पुलिस ने लूटी गई बाइक के नंबर के आधार पर तलाश तेज की.

मुखबिर से मिली सूचना पर गणेश, विजय और बेबु नामक आरोपियों को पांच घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया.

# भाजपा पश्चिम-मध्य क्षेत्र का प्रशिक्षण वर्ग शुरू'




**इंदौर, 22 अप्रैल. डेली कॉलेज के सभागृह में भारतीय जनता पार्टी के पश्चिम-मध्य क्षेत्र का प्रशिक्षण वर्ग विधिवत रूप से दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ.**

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ की गई, जिसमें वरिष्ठ पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ किया. इस अवसर पर विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों में विशेष उत्साह देखने को मिला. प्रशिक्षण वर्ग में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गोवा, दमन-दीव और दादरा नगर हवेली सहित सात राज्यों के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने सहभागिता की.


### कार्यालय कलेक्टर, जिला सतना एवं पदेन उपसचिव म.प्र. शासन राजस्व विभाग सतना

### संशोधित अधिसूचना

क्र.376./भू-अर्जन/2025 सतना दिनांक 30/03/26

कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ / स ) संभाग सतना के रिंग रोड निर्माण हेतु **ग्राम शेरगंज तहसील रघुराजनगर** जिला सतना म0प्र0 की निजी भूमि का अधिग्रहण भूअर्जन अधिनियम 1894 के अन्तर्गत किया गया था अधिग्रहीत की गई भूमि रिंग रोड निर्माण से बाहर होने के कारण विभाग को भूमि की आवश्यकता न होने, तथा उन्हें निम्नांकित भूमि की शासकीय प्रयोजन हेतु आवश्यकता नहीं होने से भूमि मूल भूमि स्वामियों अथवा उनके जायज वारिसों को वापस की जाना है। जिसका इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 289/भूअर्जन/2026 सतना दिनांक 09.03.2026 द्वारा प्रकाशन किया गया था जिसमें लिपिकीय त्रुटि होने पर संशोधित अधिसूचना प्रकाशित की जा रही है।

**अनुसूची**

(1) भूमि का वर्णन :- (म.प्र.शासन / निजी खाता)
(क) जिला - सतना (ख) तहसील - रघुराजनगर
(ग) नगर / ग्राम — शेरगंज (घ) क्षेत्रफल / रकबा - 0.2540 हे0

| सरल क्रमांक | वापसी योग्य खसरा क्रमांक | वापसी योग्य रकवा (हेक्टेयर) |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1 | 296/5/2 | 0.1310 |
| 2 | 296/6/2 | 0.1230 |
| योग | 02 किता | 0.2540 |
| योग रकवा 0.2540 हे0 | | |

(2) कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ /स) संभाग सतना के अन्तर्गत रिंग रोड निर्माण हेतु अधिग्रहीत निजी भूमि रिंग रोड निर्माण से बाहर होने के कारण मूल भूमि स्वामियों / उनके जायज बारिसों को भूमि वापसी हेतु । (3) भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण कलेक्टर (भू-अर्जन) जिला सतना के न्यायालय में किया जा सकता है। जिसकी आपत्ति 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय में की जा सकती है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
**(डॉ. सतीश कुमार एस.)**
**कलेक्टर**
**जिला सतना (म0प्र0)**
**एवं पदेन उप सचिव म0प्र0 शासन**
**राजस्व विभाग**

G-11891/26



**न्यायालय आयुक्त कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम श्रम न्यायालय सतना ( म0प्र0 )**

प्रकरण कमांक-15/21/2/wcaf
ममता यादव व अन्य
**बनाम**
दीपक सिंह बघेल

**सूचना-पत्र**

उपरोक्त प्रकरण में आपको / सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दीपक सिंह बघेल तनय श्री राजेन्द्र सिंह बघेल ग्राम पोस्ट-नौढ़िया तहसील-गोपद बनास जिला सीधी म0प्र0
आप व्यक्तिशः व अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण में दिनांक 07.05.2026 को उपस्थित होकर प्रकरण में कार्यवाही करें। आपकी अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
गया है। मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से आज दिनांक 07.04.2026 को जारी किया

अदालत की मुद्रा
**अभिषेक कुमार त्रिपाठी**
**आयुक्त कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधि0**
**श्रम न्यायालय सतना म0प्र0**



### कार्यालय नगर पालिका परिषद सीधी, जिला-सीधी (म.प्र.)

एन.आई.टी.क्रमांक /1832/ई टेंडरिंग / न.पा./2026 सीधी, दिनांक 22.4.26

### निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_502322_1 दिनांक 23.04.2026 | नगर पालिका परिषद सीधी में मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना अंतर्गत "पुराने बस स्टैण्ड को नये बस स्टैण्ड में स्थानांतरितकरके पुराने बस स्टैण्ड को गिराकर नवीन कामर्शियल शापिंग काम्पलेक्स, पार्किंग, थियेटर, रेस्टोरेंट एवं काफी सेन्टर निर्माण कार्य ।" | (1) 18 माह (2) 1084.14 लाख | (1)30000.00 (2) 542069.00 | 26.05.2026 |

**नोट** :- निविदा से सम्बंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

**डिप्टी कलेक्टर एवं**
**प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद सीधी**


**आरोप** | नीतियों और प्रचार के जरिए किसानों को किया जा रहा गुमराह

# फसल खरीद को लेकर कांग्रेस ने जताई चिंता

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 22 अप्रैल. अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव कुणाल चौधरी ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी सरकार पर किसानों के साथ वादाखिलाफी का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि सरकार जिस वर्ष को किसान कल्याण वर्ष बता रही है, वह वास्तव में किसान बदहाली वर्ष बन गया है.**



इस दौरान मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान और प्रवक्ता राहुल राज भी उपस्थित रहे. चौधरी ने गेहूं खरीदी में देरी और सीमा तय करने को लेकर सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि लगभग 19.4 लाख किसानों ने करीब 160 लाख मीट्रिक टन उत्पादन का पंजीयन कराया है, जबकि सरकार ने मात्र 78 लाख मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य तय किया है. उन्होंने कहा कि खरीदी की रफ्तार इतनी धीमी है कि तय समय सीमा में लक्ष्य पूरा होना मुश्किल दिख रहा है, जिससे सरकार की मंशा पर सवाल उठते हैं. उन्होंने नरेंद्र मोदी, शिवराज सिंह चौहान और मोहन यादव पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि नीतियों और प्रचार के जरिए किसानों को गुमराह किया जा रहा है. कांग्रेस नेता ने खरीदी केंद्रों पर अव्यवस्थाओं, भुगतान में देरी और मक्का व प्याज जैसी फसलों के गिरते दामों का मुद्दा भी उठाया. उन्होंने व्यवस्था को अव्यवस्थित और संदेहास्पद बताते हुए सरकार से तत्काल खरीदी, पूरी उपज की खरीद और किसानों को शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की.

### किसानों के समर्थन में सत्याग्रह

**भोपाल.** किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल 23 अप्रैल से 24 घंटे का सत्याग्रह एवं उपवास आंदोलन आयोजित करेगा. यह कार्यक्रम जवाहर भवन, रोशनपुरा में प्रातः 11:30 बजे से प्रारंभ होकर अगले दिन तक चलेगा. संगठन ने समर्थन मूल्य, फसल खरीदी में अनियमितता, भुगतान में देरी और प्रशासनिक उपेक्षा जैसे मुद्दों को लेकर सरकार को घेरा है. इस आंदोलन में सेवादल, महिला सेवादल और यंग ब्रिगेड के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होंगे. प्रदेश मुख्य संगठक अवनीश भार्गव ने सभी से अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है.

### पेज एक का शेष

जदयू ने 12 नेताओं को महासचिव

### संजय झा बने रहेंगे जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष

बनाया है. इनमें मनीष कुमार वर्मा, आफाक अहमद खान, श्याम रजक, अशोक चौधरी, रोशन सिंह कुशवाहा, राम सेवक सिंह, कविता देवी, कपिल हंसदेव पटेल, राज सिंह मान, सुनील कुमार उर्फ इंजीनियर सुनील, हर्षवर्धन सिंह और मौलाना गुलाम रसूल बलियावी शामिल हैं. इसके अलावा राजीव रंजन प्रसाद को प्रवक्ता सह सचिव बनाया गया है. पार्टी के सात सचिव बनाए गए हैं, जिसमें रवींद्र प्रसाद सिंह, विद्या सागर निषाद, दयानंद राय, संजय कुमार, मोहम्मद निसार, रूबी नागवंश और निवेदिता कुमारी (कटिहार) शामिल हैं.

### जदयू कार्यकारिणी की सूची इस प्रकार है....

**नीतीश कुमार-** राष्ट्रीय अध्यक्ष
**संजय कुमार झा (सांसद)-** कार्यकारी अध्यक्ष
**चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी (पूर्व सांसद)-** उपाध्यक्ष
**डॉ. आलोक कुमार सुमन (सांसद)-** कोषाध्यक्ष

**महासचिव:** मनीष कुमार वर्मा, आफाक अहमद खान, श्याम रजक, अशोक चौधरी, रामेश्वर सिंह कुशवाहा, राम सेवक सिंह, श्रीमती कहकशां परवीन, कपिल हरिशचंद्र पाटिल, राजीव सिंह मान, सुनील कुमार उर्फ इंजीनियर सुनील, हरिवंश सिंह, मौलाना गुलाम रसूल बलियावी. **सचिव:** रविंद्र प्रसाद सिंह, विद्या सागर निषाद, दयानंद राय, संजय कुमार, मोहम्मद निसार, रंजीत नाग, निवेदिता कुमारी, प्रवक्ता, राजीव रंजन प्रसाद संतोष श्रवण

# रीवा-सीएसएमटी एक्सप्रेस बनी नियमित ट्रेन

## गर्मियों में भोपाल मंडल से स्पेशल ट्रेनों की सौगात

**भोपाल, 22 अप्रैल. भोपाल मंडल से होकर गुजरने वाले रेल यात्रियों के लिए बड़ी राहत की खबर है. यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए रेलवे ने कई स्पेशल ट्रेनों के संचालन और अपग्रेडेशन का निर्णय लिया है.**



वलसाड- दुर्गापुर- वलसाड स्पेशल ट्रेन (09143/ 09144)

पहला बड़ा बदलाव रीवा-सीएसएमटी स्पेशल ट्रेन को लेकर है. गाड़ी संख्या 02187/02188 अब नियमित ट्रेन संख्या 20154/ 20153 रीवा-सीएसएमटी- रीवा एक्सप्रेस के रूप में चलेगी. यह सेवा रीवा से 23 अप्रैल 2026 और सीएसएमटी से 24 अप्रैल 2026 से नियमित रूप से संचालित होगी. इससे यात्रियों को स्थायी और सुगम कनेक्टिविटी मिलेगी. गर्मियों में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए एक विशेष एक ट्रिप के लिए चलाई जाएगी. यह ट्रेन 25 अप्रैल 2026 को वलसाड से रवाना होकर इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना होते हुए दुर्गापुर पहुंचेगी. वापसी यात्रा 27 अप्रैल को दुर्गापुर से शुरू होगी. इस ट्रेन में एसी, स्लीपर और सामान्य श्रेणी के कुल 22 कोच रहेंगे.

इसी तरह उधना-दुर्गापुर-उधना स्पेशल ट्रेन (09175/09176) भी दो ट्रिप के लिए चलाई जाएगी. यह ट्रेन 26 और 27 अप्रैल 2026 को उधना से रवाना होकर इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना सहित कई प्रमुख स्टेशनों से होते हुए दुर्गापुर पहुंचेगी. वापसी यात्रा 27 और 28 अप्रैल को होगी. इसमें कुल 17 कोच लगाए जाएंगे, जिनमें चेयरकार और सामान्य श्रेणी शामिल हैं. रेलवे ने बताया कि सभी स्पेशल ट्रेनों के प्रमुख स्टॉपेज नंदुरबार, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, प्रयागराज छिवकी, गया, धनबाद और आसनसोल जैसे प्रमुख स्टेशन होंगे. यात्रियों को समय और बुकिंग की विस्तृत जानकारी एनटीईएस ऐप, रेलवे हेल्पलाइन 139 या रेलवे वेबसाइट से प्राप्त करने की सलाह दी गई है.